# स्कूली शिक्षा छात्र जीवन की आधारशिला : मुर्मु

## शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति ने देशभर के 82 उत्कृष्ट अध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए


**सम्मान**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** शिक्षक दिवस पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में देशभर के 82 उत्कृष्ट शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किए। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि स्कूली शिक्षा पूरी शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला है।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा हमारे संविधान में निहित अवसर की समानता के आदर्श को साकार करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। प्राथमिक विद्यालयों में ड्रॉपआउट दर को नगण्य स्तर तक लाने में शिक्षकों के प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों को सराहा।

राष्ट्रपति ने कहा कि ज्ञान और कौशल कभी भी हासिल किए जा सकते हैं, मगर बचपन में अच्छे आचरण और संस्कारों की शिक्षा अधिक प्रभावी होती है। प्रारंभिक कक्षाओं में बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक और नैतिक विकास पर ध्यान केंद्रित करके शिक्षक ऐसी पीढ़ी तैयार कर सकते हैं, जो उत्कृष्ट छात्र के साथ जिम्मेदार नागरिक भी बने।

**ज्ञान महाशक्ति बनेंगे :** राष्ट्रपति ने कहा कि शैक्षणिक उत्कृष्टता, कौशल विकास और उद्यमिता देश के विकास में अहमभूमिका निभाते हैं। भारत को ज्ञान महाशक्ति बनाना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है।



नई दिल्ली में शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शिक्षक को सम्मानित करते हुए। साथ में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी। • प्रेट्र

### कोर्स में श्यामा प्रसाद मुखर्जी पढ़ाए जाएंगे

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार स्कूली पाठ्यक्रम में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद के योगदान को शामिल करेगी।

अधिकारी शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, राज्य की भाजपा सरकार ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए कंपोजिट ग्रांट (समग्र अनुदान) के तौर पर 300 करोड़ आवंटित किए हैं।

### छात्रों को समान अवसर और अच्छी शिक्षा दें : राहुल गांधी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को शिक्षकों से एक ऐसी व्यवस्था बनाने का आग्रह किया, जो हर छात्र को समान अवसर और अच्छी शिक्षा दे।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि अपने ज्ञान, सेवा और समर्पण से आप छात्रों का भविष्य संवारते हैं और देश की आने वाली पीढ़ियों को दिशा देते हैं। आपका योगदान अमूल्य है। आज, भारत की शिक्षा व्यवस्था हमारे सामने कई गंभीर सवाल खड़े करती है। हमें मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां हर छात्र को समान अवसर, अच्छी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य मिल सके।

राहुल गांधी ने देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी, जिनके सम्मान में यह दिन मनाया जाता है।

### अपने पढ़ाने के अनूठे अंदाज से जीता राष्ट्रीय पुरस्कार

पढ़ाने के अनूठे अंदाज और वंचित वर्गों के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए देशभर के 48 स्कूली शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। वहीं, उच्च शिक्षा और कौशल श्रेणी को जोड़कर कुल 82 शिक्षकों को राष्ट्रीय सम्मान मिला है।

#### यूपी : एआई के सहारे गणित को रोचक बनाया

यूपी के गाजियाबाद स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विजय नगर की विज्ञान शिक्षिका डॉ. रेनू त्रिपाठी को सम्मान मिला है। कौशाम्बी की शालिनी कुशवाहा ने गणित को रोचक बनाने के लिए एआई और कहानियों का इस्तेमाल किया।


डॉ. रेनू त्रिपाठी।

#### बिहार : किस्से-कहानियों से पढ़ाई रुचिकर बनाई

बांका की खुशबू कुमारी ने गतिविधि आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया। उनके प्रयासों से विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति 50 से बढ़कर 90% हो गई। गोपालगंज की पुष्पा प्रसाद ने कम लागत वाली शिक्षण सामग्री, डिजिटल साधनों, प्रयोगों, कहानियों और कला आधारित गतिविधियों के जरिए बच्चों में सीखने की रुचि बढ़ाने का काम किया।

#### उत्तराखंड : दुर्गम क्षेत्रों तक शिक्षा को पहुंचाया

उत्तराखंड से पौड़ी गढ़वाल के स्कूल शिक्षक गबर सिंह ने दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों में 35 वर्षों तक शिक्षा और स्टेम शिक्षण को बढ़ावा दिया। उत्तराखंड के उच्च शिक्षा क्षेत्र से प्रो. अवलोकिता अग्रवाल और डॉ. मनीषा निगम को भी सम्मानित किया गया। प्रो. अग्रवाल ने सतत वास्तुकला और ग्रामीण सहभागिता के क्षेत्र में काम किया।

#### झारखंड : विद्यार्थियों को मुख्य धारा से जोड़ा

झारखंड से एक शिक्षिका को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार मिला है। धनबाद की मुनमुन भट्टाचार्य ने कोयला खनन क्षेत्र के वंचित समुदाय के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए कला आधारित शिक्षा और व्यावसायिक गतिविधियों को अपनाया। उन्होंने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और बालिकाओं की सुरक्षा पर जोर दिया।

## देश चांद पर पहुंचा, लेकिन जाति प्रथा की बुराई कायम

**सुनवाई**

- हाथ से मैला ढोने की प्रथा पर बॉम्बे हाईकोर्ट खफा
- मजदूरों की मौतों पर मुआवजा देने का निर्देश

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने हाथ से मैला ढोने की प्रथा पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत चांद तक पहुंच चुका है, लेकिन जाति व्यवस्था की सामाजिक बुराई आज भी कायम है। यह कुछ नागरिकों को इंसानी गरिमा से नीचे का काम करने के लिए मजबूर करती है।

यह टिप्पणी करते हुए हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की नीति रद्द कर दी। इस नीति में सीवर सफाई के दौरान श्रमिकों की मौत होने पर उनके आश्रितों को मुआवजा देने की जिम्मेदारी नियोक्ता और निजी सोसायटियों पर डाल दी गई थी। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह मृत श्रमिकों के आश्रितों को तुरंत मुआवजा दे। कोर्ट ने राज्य सरकार से छह महीने में ऐसे सभी लोगों की पहचान कर हर मृतक के आश्रितों को 30 लाख रुपये का मुआवजा दे।

### मध्य प्रदेश में बच्चों की मौत चिंताजनक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को मध्यप्रदेश के बालाघाट में हाल के दिनों में बीमारियों से 30 आदिवासी बच्चों की मृत्यु को बेहद चिंताजनक बताया। आरोप लगाया कि यह राज्य की भाजपा सरकार की विफलता है।

राहुल नेकहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और प्रभावित क्षेत्र में जांच, इलाज तथा राहत उपलब्ध कराने की जरूरत है। उन्होंने एक खबर का हवाला देते हुए एक्स पर पोस्ट में कहा कि घातक बीमारी के साथ पीने के पानी, पोषण और समय पर इलाज जैसी सुविधाओं का अभाव बच्चों की जान ले रहा है।

## एके-203 की गोलियां भारत में बनेंगी

**समझौता**

- अदाणी डिफेंस ने आपूर्ति के लिए इंडो-रशियन कंपनी से करार किया
- कानपुर के कारखाने में इन कारतूस का उत्पादन किया जाएगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड (आईआरआरपीएल) के साथ गोली और बारूद की आपूर्ति के लिए पांच वर्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत कंपनी एके-203 असॉल्ट राइफल के लिए 7.62x39 मिमी का कारतूस तैयार करेगी।

आईआरआरपीएल भारत और रूस का संयुक्त उपक्रम है, जो भारत में एके-203 असॉल्ट राइफलों का निर्माण करता है। इस उपक्रम को केंद्र सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' नीति के तहत बनाया गया है। हाल ही में इस प्रोजेक्ट ने 100% स्थानीयकरण का लक्ष्य हासिल किया है, यानी अब इस राइफल का हर एक पुर्जा भारत में ही बन रहा है। वहीं, अदाणी डिफेंस ने भारत में छोटे कैलिबर के कारतूस और गोला-बारूद के निर्माण के लिए कानपुर में एक उत्पादन इकाई स्थापित की है।

**विदेशी कंपनियों पर निर्भरता घटेगी :** अदाणी डिफेंस के साथ हुई इस साझेदारी का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अब सेना के लिए आधुनिक हथियारों और गोलियों दोनों का निर्माण पूरी तरह से भारत में ही होगा। इससे विदेशी कंपनियों पर देश की निर्भरता कम होगी और भारतीय सेना को समय पर हथियारों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

**अमेठी में राइफलों का निर्माण किया जा रहा :** इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना वर्ष 2019 में की गई थी। इसका कारखाना अमेठी जिले के कोरवा में स्थित है। केंद्र सरकार ने दिसंबर 2021 में कंपनी के साथ 6.01 लाख एके-203 राइफलों की आपूर्ति के लिए अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। यहां पर तेजी से काम चल रहा है।

### पावर प्रोजेक्ट को नुकसान

**शिमला, संवाददाता।** हिमाचल प्रदेश में शिमला के काशपाट में शुक्रवार देर रात बादल फटने से गंगदारी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचा है।

प्रोजेक्ट हेड धीरज वर्मा ने बताया कि बाढ़ से इंटेक के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम राफ्ट के साथ बॉटम कन्वेयंस चैनल क्षतिग्रस्त हुआ है। बॉटम कन्वेयंस चैनल के तल में भी बहुत कटाव हुआ है। उन्होंने बताया कि बाढ़ का बहाव इतना तेज था कि कुछ क्रेट्स भी पानी में बह गए।

## देश 30s

### प्रधानमंत्री आठ को गुजरात जाएंगे

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ सितंबर को गुजरात के वडोदरा और नवसारी का दौरा करेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए गुजरात सरकार ने इस बार 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान शुरू किया है। इसके तहत वडोदरा और नवसारी में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। वडोदरा जिले में करीब 250 गांवों को अभियान से जोड़ा गया है।

### आठ इंजीनियरिंग छात्रों की सड़क हादसे में मौत

**त्रिशूर।** केरलम के त्रिशूर जिले में एक कार सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी लॉरी से टकरा गई। हादसे में तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एक इंजीनियरिंग कॉलेज के आठ छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात हुआ काईपमंगलम के पनमबिक्कुन्नू में हुआ। कार सवार गुरुवायुर से कोडुंगल्लूर की ओर जा रहे थे। पुलिस का कहना है कि निर्माण कार्य की वजह से गाड़ियों का रास्ता बदलने के लिए बैरिकेड लगाए गए थे। इस वजह से हादसा हुआ।

### शिक्षक अपने नाम से पहले टीआर लगा सकेंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शनिवार को घोषणा की है कि राज्य के शिक्षक अब अपने नाम से पहले टीआर लगा सकते हैं। यह चिकित्सक के लिए 'डॉ.', इंजीनियर के लिए 'ईआर' और प्रोफेसर के लिए 'प्रो' जैसे पेशेवर संबोधनों की तरह होगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर बताया, शिक्षक दिवस पर सरकार ने शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सम्मान देने के लिए विशेष पहल का फैसला किया है।

### अहोम राजवंश की राजधानी को मिलेगा विशेष दर्जा



**गुवाहाटी।** छह शताब्दियों तक वर्तमान असम के बड़े हिस्से पर शासन करने वाले अहोम राजवंश की राजधानी रहे रंगपुर-शिवसागर संकुल को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए भारत ने आवेदन किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने यह जानकारी दी। अहोम राजवंश की स्थापना 1228 में हुई थी।

### पालघर में 500 लोगों ने फिर हिंदू धर्म अपनाया

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में नवनिर्मित कृष्ण मंदिर में 500 से अधिक लोगों ने फिर से हिंदू धर्म अपनाया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु नरेंद्राचार्य जी महाराज ने कहा कि इन लोगों ने पहले आर्थिक या रोजगार संबंधी प्रलोभनों के कारण अन्य धर्मों को स्वीकार कर लिया था। उनके संगठन ने अब तक 30,000 से 40,000 लोगों को हिंदू धर्म में वापस लाने में मदद की है। नरेंद्राचार्यजी ने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर शुक्रवार को मंदिर का उद्घाटन किया गया।

### हत्यारोपी को पीटने का वीडियो वायरल

**भावनगर।** गुजरात के भावनगर शहर में एक बस स्टैंड पर अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या के आरोपी को शनिवार को पुलिस ने उसी जगह पीटा, जहां उसे जांच के तहत क्राइम सीन को फिर से समझने के लिए ले जाया गया था। आरोपी की पहचान फैजल लखानी के रूप में हुई है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया गया। इसमें उसे रस्सियों से बंधा हुआ और डंडे से पीटे जाते हुए घसीटा जा रहा था।

### नीलाकुरिंजी फूलों के साथ फोटो लेना भारी पड़ा

**इडुक्की।** मुन्नार में नीलाकुरिंजी के फूल के साथ अपनी फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने के बाद एक युवक मुश्किल में पड़ गया। वन विभाग ने उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि हम एक रिपोर्ट तैयार कर उसे अदालत में पेश करेंगे, जिसके बाद संदिग्ध का पता लगाने की कोशिश की जाएगी।

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र
टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान
खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जूनियर साइंस में
नेशनल ओलम्पियाड प्रोग्राम 2026-2027
सभी छात्र जो इस प्रोग्राम में भागीदारी करना चाहते हैं, को **इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स (आईएपीटी)** द्वारा संचालित संगत **राष्ट्रीय मानक परीक्षाओं (एनएसई'ज)** (विज्ञान विषयों के लिए) में दि. **21 तथा 22 नवम्बर, 2026** को अवश्य शामिल होना होगा।
एनएसई में योग्यता **वर्ष 2027** के संगत **अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड** में भागीदारी की ओर पहला कदम है।
नामांकन करने के लिए:
NSEs: https://www.iapt.org.in (21 अगस्त-14 सितम्बर, 2026)
अधिक विवरण के लिए देखें: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in
सीबीसी 48143/11/0006/2627

SHIRT
TROUSER & JEANS
SALE
Spl. Range of Casual Shirts
upto 60% off
Formal & Party Wear
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | PARK AVENUE | ColorPlus | LOUIS PHILIPPE | Levi's
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

नमामि गंगे
भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन,
नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग
राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन

**रिक्ति परिपत्र**

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में अनुबंध के आधार पर प्रारम्भिक रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए तीन (03) सलाहकार के पदों की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जिसका विवरण इस प्रकार है:

| क्रम संख्या | पदनाम | मासिक पारिश्रमिक मानदेय (रु.) |
|---|---|---|
| 1. | सलाहकार (जल संसाधन विशेषज्ञ (श्रेणी-1)) | रु. 1,10,000/- |
| 2. | सलाहकार (सूचना प्रौद्योगिकी (श्रेणी-1)) | रु. 1,10,000/- |
| 3. | सलाहकार (ज़िला गंगा योजना और समन्वय) (श्रेणी-1)) | रु. 1,10,000/- |

विस्तृत विज्ञापन के लिए, योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार, NMCG की आधिकारिक वेबसाइट nmcg.nic.in पर जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस परिपत्र के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन होगी।

सीबीसी 45125/11/0003/2627

pnb पंजाब नैशनल बैंक .......भरोसे का प्रतीक | punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा दक्षिण दिल्ली
4वां तल, 7, भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली–110066 ईमेल: cs4168@pnb.bank.in

## अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस,
आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

| क्र. सं. | शाखा का नाम: / खाते का नाम: / उधारकर्ता/गारंटर/ खाते का नाम और पता: | बंधक रखी गई अचल संपत्ति का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्तियों का बंधककर्ता) | (A) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि (B) एनपीए की तिथि तक बकाया राशि (C) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि (D) कब्जा की स्थिति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक | (A) आरक्षित मूल्य (B) ईएमडी (ईएमडी जमा करने की अंतीम तिथि) (C) बोली वृद्धि राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा: कोटला मुबारकपुर (153600)<br>मैसर्स साई फूड बेकरी हाऊस<br>खाता नंबर 153600870001456, 153600IL00000093, 016200JH00000458,<br>पता: दुकान नं. 6, एच 39–40 सुभाष मार्केट, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली, 110003, और: श्री विनोद कुमार, ए–26, अमृत नगर, साउथ एक्सटेंशन पार्ट I, नई दिल्ली–110003<br>और: श्री राहुल कुमार, ए–26, अमृत नगर, साउथ एक्सटेंशन पार्ट I, नई दिल्ली–110003,<br>और: श्री तनुज कुमार, ए–26, अमृत नगर, साउथ एक्सटेंशन पार्ट I, नई दिल्ली–110003, श्रीमती पूनम पत्नी श्री विनोद कुमार (बंधककर्ता), 127, अली गंज कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली | साम्यिक बंधक सम्पत्ति प्राइवेट दुकान नं. 6, क्षेत्रफल 150 वर्ग फीट, (लगभग 15 वर्ग मीटर) और सुख सुविधा के साथ, संपत्ति सं. एच–39–40 (ओल्ड नं. एच–93/बी) पर सरमन कॉम्प्लेक्स के नाम से जाना जाता है। एमसीडी नं. 366, खसरा नं. 627/12 में से, सुभाष मार्केट कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली –110003 में स्थित, यह सम्पत्ति श्रीमती पूनम पत्नी श्री विनोद कुमार के नाम पर है।<br>संपत्ति आईडी: PUNB153601<br>अक्षांश : 28.34327<br>देशांतर : 77.13299 | A) 26.10.2021<br>B)Rs.64.56 लाख<br>C) 02.06.2022<br>D) भौतिक | A) रु. 26.00 लाख<br>B) रु. 2.60 लाख (23.09.2026)<br>C) रु. 50,000/- | 24.09.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपार्ह्न 04.00 बजे | संपत्ति की बिक्री पर कोई एसए लंबित/रोक नहीं है | श्री ओम प्रकाश भालोटिया 9453035426 |
| 2. | शाखा: हौज खास (056210)<br>मैसर्स केवाईके ट्रेडर्स खाता नं. 056210IB00000038, 056210IB00000047, 05624011000467, 05627121000020<br>पता:– केवाईके ट्रेडर्स मकान, प्रोपराइटर अनिल गोयल, नं. 116, खसरा नं. 115, पहली मंजिल, शिव मंदिर, गांव अलीपुर, दिल्ली 36 और: शिव चरण पुत्र बिशंबर दयाल (गारंटर) प्लॉट नं. 9, खसरा नं. 349/2, प्रथम तल, गली नं. 01, पंजाबी कॉलोनी, मामूर पुर, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली 110040 और: शिव चरण पुत्र बिशंबर दयाल (गारंटर) सर्विस अपार्टमेंट नं. 903 और 903ए, 9वीं मंजिल कमर्शियल कॉम्प्लेक्स होटल रेडिशन ब्लू, प्लॉट नं. 04, द्वारका सिटी सेंटर सेक्टर 13, द्वारका नई दिल्ली–110078 और: अनिल गोयल प्रोपराइटर केवाईके ट्रेडर्स, गोयल कम्युनिकेशंस शिवपावसी रोड, दिल्ली–110036, और: शिव चरण पुत्र बिशंबर दयाल (गारंटर) मेट्रो पिलर नं. 415 416 के पास, जे 206ए राजौरी गार्डन, टैगोर गार्डन पश्चिम दिल्ली नई दिल्ली 110035<br>और: शिव चरण पुत्र बिशंबर दयाल (गारंटर) 2015, 5एनएआई बस्ती बवाना रोड, नरेला दिल्ली–110040 और: शिव चरण पुत्र बिशंबर दयाल (गारंटर) 512, जी ब्लॉक, गली नंबर 10, आर पब्लिक स्कूल के पास, पंजाबी कॉलोनी, नरेला, दिल्ली –110040<br>और: शिव चरण पुत्र बिशंबर दयाल (गारंटर 52/3 रेलवे क्रॉसिंग के पास अलीपुर रोड, होलंबी खुर्द दिल्ली 110082 और: अनिल गोयल प्रोपराइटर केवाईके ट्रेडर्स, 834/23, कृष्ण पुरा, पानीपत हरियाणा 132103<br>और: शिव चरण पुत्र बिशम्बर दयाल (गारंटर) 241–242, जीटी करनाल रोड, बकोली, उत्तर पश्चिम दिल्ली, दिल्ली –110036 | वाणिज्यिक संपत्ति सर्विस अपार्टमेंट नं. 903 और 903 ए, 9वीं मंजिल, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 68.56 वर्ग मी. है, बिना छत/टैरेस अधिकार के और वाणिज्यिक परिसर और होटल रेडिसन ब्लू, प्लॉट नं. 4, द्वारका सिटी सेंटर, सेक्टर –13, द्वारका नई दिल्ली–110078 में स्थित, यह सम्पत्ति श्री शिव चरण के नाम पर है।<br>बैंकनेट संपत्ति आईडी: PUNB05621001<br>अक्षांश : 28.35471<br>देशांतर : 77.02193 | A) 27.01.2022<br>B) Rs.472.27 लाख+अतिरिक्त ब्याज<br>C) 21.07.2022<br>D) भौतिक | A) रु. 147.00 लाख<br>B) रु. 14.70 लाख (23.09.2026)<br>C) रु. 1,00,000/- | 24.09.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपार्ह्न 04.00 बजे | संपत्ति की बिक्री पर कोई एसए लंबित/रोक नहीं है | श्री ओम प्रकाश भालोटिया 9453035426 |
| 3 | पीएनबी शाखा हौज खास (056210), नई दिल्ली।<br>उमा देवी गोयल<br>खाता संख्या: 05627011000567 पता: संपत्ति संख्या 114, पॉकेट संख्या 01, ब्लॉक संख्या– जी, सेक्टर–16, रोहिणी, नई दिल्ली–110085<br>इसके अलावा: श्रीमती उमा देवी गोयल (ऋणकर्ता) जी–1/114, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली पिनकोड–110085 इसके अलावा: श्री प्रमोद कुमार गोयल (सह–ऋणकर्ता और गारंटर) जी–1/114, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली पिनकोड–110085 इसके अलावा: श्री अमन गोयल (सह–ऋणकर्ता) जी–1/114, सेक्टर–16, रोहिणी, दिल्ली पिनकोड–110085 इसके अलावा: सुश्री दिव्या गोयल (सह–ऋणदाता) जी–1/114, सेक्टर–16 रोहिणी, दिल्ली पिनकोड–110085 | प्रमोद कुमार गोयल के नाम पर संपत्ति संख्या 114, क्षेत्रफल 25.9 वर्ग मीटर, पॉकेट संख्या 01, ब्लॉक संख्या– जी, सेक्टर– 16, रोहिणी, नई दिल्ली–110085 का साम्यिक बंधक। | A) 02.08.2026<br>B) रु. 49.56 लाख + ब्याज एवं खर्चे<br>C) 10.02.2025<br>D) सांकेतिक | A) रु. 59.67 लाख<br>B) रु. 5.96 लाख (23.09.2026)<br>C) रु. 50,000 | 24.09.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपार्ह्न 04.00 बजे | एसए लंबित है लेकिन संपत्ति की बिक्री पर कोई रोक नहीं है। | श्री. सुनील कुमार दास 9437322902 |

**ई–नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्तें :** बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। 1. नीलामी बिक्री "ई–नीलामी" पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन होगी। (2) ई–नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (https://baanknet.com) ई–नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई–400037 (हेल्पडेस्क नं. 91 8291220220, ईमेल आईडी: support.ebkray@psballiance.com) द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई–नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://baanknet.com पर ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। (3) बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों से युक्त बिक्री नोटिस निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पेज पोर्टल (1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in पर उपलब्ध/प्रकाशित है। (4) सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री प्रतिफल का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194–1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा तथा सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष 75% जमा करने/बोली राशि की पूर्ण जमा करने के समय ही टीडीएस का भुगतान किया जाना है। (5) संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" तथा "जो भी है जैसी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (6) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपतियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (7) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के तहत नोटिस, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ के सभी मामलों में जारी किया गया है, (8) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com & www.pnbindia.in देखें।

दिनांक : 05.09.2026, स्थान : नई दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक